आंत्रप्रेन्योरशिप और इवेंट मैनेजमेंट सिखाएगी यूनिवर्सिटी

आत्मनिर्भर अभियान : यूजीसी से मिली मंजूरी, 15 दिन में शुरू होगी प्रवेश की प्रक्रिया

इंदौर (नईदुनिया प्रतिनिधि)। आत्मनिर्भर अभियान के तहत अब देवी अहिल्या विश्वविद्यालय में कुछ नए कोर्स शुरू होने जा रहे हैं। इन्हें यूनिवर्सिटी ग्रांट कमीशन (यूजीसी) की तरफ से मंजूरी मिल चुकी है, जिसमें आंत्रप्रेन्योरशिप और इवेंट मैनेजमेंट सहित करीब 12 कोर्स रखे हैं। स्नातक के अलावा डिप्लोमा और सर्टिफिकेट कोर्स भी डिजाइन किए गए हैं। अधिकारियों के मुताबिक 15 दिन में प्रवेश की प्रक्रिया शुरू होगी।

इन नए कोर्सेस में मिलेगा एडमिशन

- वीवॉक इन मैनेजमेंट एंड आंत्रप्रेन्योरशिप
- वीवॉक इन मैनेजमेंट एंड आंत्रप्रेन्योरशिप व एक्सपोर्ट-इंपोर्ट
- वीवॉक इन मैनेजमेंट एंड आंत्रप्रेन्योरशिप-इवेंट मैनेजमेंट
- वीवॉक इन आइटी, डिजिटल मार्केटिंग
- वीवॉक इन आईटी एंड सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट
- वीवॉक इन सप्लाई चैन मैनेजमेंट

- डिप्लोमा इन आइटी-साइबर सिक्युरिटी
- डिप्लोमा इन हार्डवेयर एंड नेटवर्किंग
- डिप्लोमा इन बैंकिंग-फाइनेंशियल मार्केट
- डिप्लोमा इन आइटी
- डिप्लोमा इन कंप्यूटर
- सर्टिफिकेट इन इन्फॉर्मेशन सिक्युरिटी

(वीवॉक तीन साल, डिप्लोमा एक साल और सर्टिफिकेट छह महीने की अवधि वाले कोर्स हैं।)

ये कोर्स विश्वविद्यालय के दीनदयाल उपाध्याय केंद्र से संचालित किए जाएंगे। पिछले महीने केंद्र ने छह वीवॉक, पांच डिप्लोमा और एक सर्टिफिकेट कोर्स तैयार कर यूजीसी को भेजा था। बीते दिनों यूजीसी ने देशभर से नए कोर्स शुरू करने के लिए आए प्रस्तावों को लेकर बैठक बुलाई थी। केंद्र प्रभारी डॉ. माया इंगले ने बताया कि वर्तमान परिदृश्य को देखते हुए केंद्र ने कुछ कोर्स डिजाइन किए हैं। सिलेबस के लिए इंडस्ट्री के विशेषज्ञों की मदद ली गई है ताकि प्रत्येक सेक्टर में हो रहे बदलावों और आवश्यकताओं के बारे में पढ़ाया जा सके। विश्वविद्यालय ये कोर्स जल्द शुरू करना चाहता है। वीवॉक जैसे डिग्री कोर्स में 50-50 सीटें रखी हैं, वहीं डिप्लोमा में 40-40 और सर्टिफिकेट में 30 सीटों पर दाखिला दिया जाएगा। 25 सितंबर को कार्यपरिषद में नए कोर्स की फाइल भी रखी जाएगी।